दूरभाष : 0121—2665734
फैक्स : 0121—2666062

कार्यालय
प्रबन्ध निदेशक
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ

पत्रांक : 4008 /प.वि.वि.नि.लि./मेरठ/एस0ओ0/ दिनांक 30-05-2013

कार्यालय ज्ञाप

श्री राम बाबू (99017), अधिशासी अभियन्ता, विद्युत भण्डार खण्ड, सहारनपुर को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरते जाने आदि जैसे गम्भीर कदाचरण का प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर इस कार्यालय के ज्ञाप सं0 2334/पविविनिलि/मेरठ/एस0ओ0 दिनांक 30.03.2013 के द्वारा निलम्बित किया गया था।

उक्त निलम्बन के सम्बन्ध में श्री राम बाबू (99017), अधिशासी अभियन्ता (निलम्बित) द्वारा दिनांक 02.05.2013 को प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि श्री राम बाबू (99017), अधिशासी अभियन्ता (निलम्बित) को अनुशासनिक कार्यवाही/जांच के प्रतिबन्धाधीन कारपोरेशन की सेवा में पुनर्स्थापित किया जाये। अतः श्री राम बाबू (99017), अधिशासी अभियन्ता (निलम्बित) को एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से पुनर्पदस्थापित किया जाता है। जांच पूर्ण होने पर जो भी निर्णय लिया जायेगा वह उन पर लागू होगा। श्री राम बाबू के निलम्बन अवधि के अवशेष वेतन एवं भत्तों के सम्बन्ध में निर्णय अनुशासनिक कार्यवाही के पूर्ण होने एवं पारित अन्तिम आदेशों के उपरान्त लिया जायेगा।

श्री राम बाबू (99017), अधिशासी अभियन्ता (निलम्बित) पुनर्पदस्थापन पर पूर्ववत् कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण), सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर से सम्बद्ध रहेंगे। श्री राम बाबू के नियमित तैनाती आदेश अलग से निर्गत किये जायेगें।

विजय विश्वास पन्त
प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक : 4008 /प.वि.वि.नि.लि./मेरठ/एसओ/तद्दिनांक : 30.05.2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (मा0संसा0 एवं प्रशा0), प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
3. मुख्य अभियन्ता (वितरण), सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत भण्डार मण्डल, मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, (डी0पी0), प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
6. संयुक्त सचिव (अ0प्र0—01), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. उप सचिव (अधि0प्र0—02अ), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. अनु सचिव (गोपन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. लेखा अधिकारी (वेतन एंव लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
10. संयुक्त सचिव (अनु0का0) के निजी सचिव।
11. सम्बन्धित अधिकारी।
12. कट फाइल।

(सुनील कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता एवं स्टाफ आफिसर